# आउटर रिंग रोड से टेक्सटाइल पार्क तक चार लेन बनेगा

जासं, लखनऊ : उद्योग को बढ़ावा देने के साथ ही बेहतर कनेक्टिविटी भी पीएम मित्र पार्क यानी टेक्सटाइल पार्क को मिलेगी। यहां चार लेन मार्ग बनेगा और इसकी कुल लंबाई 14.280 किमी. होगी। वहीं, आइआइएम लखनऊ से आउटर रिंग रोड रैथा अंडरपास मार्ग जो करीब 8.400 किमी. का होगा। पब्लिक की सहूलियत के लिए यह दो लेन चौड़ा होगा। यह दोनों मार्ग बनने से पीएम मेगा एकीकृत वस्त्र और परिधान पार्क योजना के अंतर्गत बनने वाले टेक्सटाइल पार्क लखनऊ को देश व प्रदेश के अन्य नगरों को जोड़ने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग व लखनऊ शहर से सीधा जुड़ जाएगा। इससे राजधानी के कपड़ा व्यापार को भी गति मिलेगी।

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआइ) यह कार्य कराया जाना प्रस्तावित है। प्रमुख सचिव अजय चौहान द्वारा बताया गया कि आउटर रिंग रोड तथा टेक्सटाइल पार्क के मध्य गोमती नदी पर 208 मीटर पुल इनमें नौ मीटर कैरजवे और डेढ़ मी. फुटपाथ का काम भी शामिल है। परियोजना की प्रस्तावित लागत करीब 41,986.20 लाख के सापेक्ष परियोजना रचना एवं मूल्यांकन प्रभाग द्वारा लागत 40,939.74 लाख आंकलित करते हुए व्यय वित्त समिति की बैठक 23 फरवरी को सम्मिलित किया गया। परियोजना की लागत दो सौ करोड़ से अधिक है। ऐसी स्थिति में मंत्री स्तर से अनुमोदन की कार्रवाई करने की बात कही गई थी।